**दिनांक: 19 अक्टूबर -2022**

# राजनीतिक दलों द्वारा 2022 के गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के विधान सभा चुनावों के दौरान एकत्रित धन और व्यय का विश्लेषण

यह रिपोर्ट

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म

द्वारा प्रकाशित है

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स,
टी- 95, सी.एल. हाउस, II फ्लोर, गौतम नगर,
नियर गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स,
नई दिल्ली – 110049
दूरभाष - 011 4165 4200

# सारांश

## प्रस्तावना

- राजनीतिक दलों को अपने चुनाव खर्च का विवरण विधान सभा चुनाव की अंतिम तिथि से **75 दिन** के अंतर्गत चुनाव आयोग में जमा करना होता है | तदनुसार, दलों के लिए चुनाव खर्च विवरण जमा करने की अंतिम तिथि **26 मई, 2022** थी |
- व्यय विवरण में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को प्राप्त कुल राशि (नकद, चेक और डी डी में) और दलों का खर्च विवरण (नकद, चेक, शेष बकाया राशि) होता है |
- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय (**Central Headquarters)** और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं:
    - प्रचार
    - यात्रा खर्च
    - अन्य खर्च
    - उम्मीदवारों पर व्यय
    - दलों द्वारा उम्मीदवारों के अपराधिक पृष्ठभूमि को प्रकाशित करने पर किया गया व्यय
    - दलों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म/ऐप्स/अन्य माध्यमों से वर्चुअल कैंपेन पर व्यय
- राजनीतिक दल चुनाव घोषणा तिथि तथा चुनाव समाप्ति तिथि के बीच प्राप्त धन की सूचना इस ब्यौरे में देते हैं | **यह अवधि चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर तीन सप्ताहों से तीन महीनों के बीच हो सकती है** |
- यह विश्लेषण 2022 के पांच विधान सभा चुनावों के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त धन राशि और उनके चुनावी खर्च का अध्ययन है : **गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड** विधान सभा चुनाव |
- इस रिपोर्ट में 8 राष्ट्रीय दलों और 16 क्षेत्रीय दलों पर विचार किया गया है | हालाँकि, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर केवल 13 राजनीतिक दलों का ही व्यय विवरण उपलब्ध है |
- अभी तक 2 राष्ट्रीय और 9 क्षेत्रीय दलों (**सीपीएम, एनपीईपी, समाजवादी पार्टी, एआईएफबी, आईयूएमएल, जेडीयू, एलजेएसपी, लोक जनशक्ति पार्टी(राम विलास), गोवा फॉरवर्ड पार्टी, एमजीपी और आरएसपी**) का चुनावी खर्च विवरण सार्वजनिक तौर पर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |

**Status of Election Expenditure Statements - Goa, Manipur, Punjab, Uttar Pradesh & Uttarakhand Assembly Elections, 2022**


| Political Party | Submission and Date | Central Headquarters | State Units | | | | | No. of days by which submission delayed | No. of Elections contested |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Goa | Manipur | Punjab | Uttar Pradesh | Uttarakhand | | |
| CPI(ML)(L) | 2 May, 2022 | Submitted | Did not contested | Did not contested | Submitted | Submitted | Submitted | 0 Day | 3 |
| **BSP** | 17 May, 2022 | Submitted | Did not contested | Did not contested | Submitted | Submitted | Submitted | 0 Day | 3 |
| **NCP** | 19-May-2022 | Submitted | Submitted | Submitted | Did not contested | Submitted | Did not contested | 0 Day | 3 |
| AAP | 23 May, 2022 | Submitted | Submitted | Did not contested | Submitted | Submitted | Submitted | 0 Day | 3 |
| RLD | 24 May, 2022 | Submitted | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Submitted | Submitted | 0 Day | 2 |

| Status of Election Expenditure Statements - Goa, Manipur, Punjab, Uttar Pradesh & Uttarakhand Assembly Elections, 2022 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Submission and Date** | **Central Headquarters** | **State Units** | | | | | **No. of days by which submission delayed** | **No. of Elections contested** |
| | | | **Goa** | **Manipur** | **Punjab** | **Uttar Pradesh** | **Uttarakhand** | | |
| SAD | 24 May, 2022 | Submitted | Did not contested | Did not contested | Submitted | Did not contested | Did not contested | 0 Day | 1 |
| **AITC** | 27-May-2022 | Submitted | Submitted | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Did not contested | 1 Day | 1 |
| Shivsena | 30 May, 2022 | Submitted | Submitted | Submitted | Did not contested | Submitted | Did not contested | 3 Days | 3 |
| **CPI** | 17 June, 2022 | Submitted | Did not contested | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | 21 Days | 4 |
| **INC** | 11 July, 2022 | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | 45 Days | 5 |
| NPF | 19 July, 2022 | Submitted | Did not contested | Submitted | Did not contested | Did not contested | Did not contested | 53 Days | 1 |
| AIMIM | 10 August, 2022 | Submitted | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Submitted | Submitted | 75 Days | 2 |
| **BJP** | 20 August, 2022 | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted | 85 Days | 5 |
| SP | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | **146 Days** | 3 |
| AIFB | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Did not contested | **146 Days** | 1 |
| IUML | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Did not contested | **146 Days** | 1 |
| JDU | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | **146 Days** | 3 |
| LJSP | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Did not contested | **146 Days** | 1 |
| Lok Janshakti Party (Ram Vilas) | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Did not contested | **146 Days** | 2 |
| GFP | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Did not contested | **146 Days** | 1 |
| MGP | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Did not contested | Did not contested | **146 Days** | 1 |
| RSP | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | **146 Days** | 1 |
| **CPM** | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | **146 Days** | 3 |
| **NPEP** | Unavailable on website of ECI | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Unavailable on website of ECI | Did not contested | Did not contested | Did not contested | **146 Days** | 1 |


## चुनाव खर्च विवरण में दी गयी जानकारी

### प्राप्त धन राशि और उनके चुनावी खर्च : राजनीतिक दल

- इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय दलों **बीजेपी**, **कांग्रेस**, **बीएसपी**, **एनसीपी**, **आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस**, **सीपीआई** और क्षेत्रीय दलों **सीपीआई(एमएल)(एल), आम आदमी पार्टी**, **आरएलडी, शिरोमणि अकाली दल**, **शिवसेना**, **एआईएमआईएम और एनपीएफ** पर विचार किया गया है|
- **गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड** विधान सभा चुनाव 2022 में, **13 राजनीतिक दलों** ने कुल **रु 1441.797 करोड़** एकत्रित किये और इन दलों का कुल व्यय **रु 470.101 करोड़** रहा|
- सभी राजनीतिक दलों ने कुल मिलाकर **केंद्रीय मुख्यालय** द्वारा **रु 1209.598 करोड़** की आय जमा की और **रु 284.92 करोड़** का व्यय किया| **उत्तर प्रदेश** राज्य ईकाई से दलों ने कुल **रु 73.238 करोड़**, **पंजाब** राज्य ईकाई से **रु 33.95 करोड़**, **उत्तराखण्ड** राज्य ईकाई से **रु 33.678 करोड़, मणिपुर** राज्य ईकाई से **रु 22.495 करोड़** और **गोवा** राज्य ईकाई से **रु 21.82 करोड़** का व्यय किया|
- विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान राजनीतिक दलों में से **बीजेपी** ने **रु 914.03 करोड़** की धनराशि एकत्रित की, जिसमें से **90.56%** (रु 827.76 करोड़) की आय पार्टी के **केंद्रीय मुख्यालय** द्वारा एकत्रित किया गया है|
- **कांग्रेस** ने दूसरा सबसे अधिक **रु 240.105 करोड़** की आय प्राप्त की है और **तृणमूल कांग्रेस** ने तीसरा सबसे अधिक **रु 224.372 करोड़** की धनराशि एकत्रित की है जो **100%** केंद्रीय मुख्यालय द्वारा ही एकत्रित किया गया है|




Funds collected by political parties during Goa, Manipur, Punjab, Uttar Pradesh and Uttarakhand Assembly Elections, 2022 (in Rs Cr)





## विभिन्न वर्गों के तहत राजनीतिक दलों का व्यय

- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं: प्रचार, यात्रा खर्च, अन्य खर्च, उम्मीदवारों पर व्यय, दलों द्वारा उम्मीदवारों के अपराधिक पृष्ठभूमि को प्रकाशित करने पर किया गया व्यय और दलों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म/ऐप्स/अन्य माध्यमों से वर्चुअल कैंपेन पर व्यय |
- **गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड** विधान सभा चुनावों 2022 के दौरान, राजनीतिक दलों_ने **प्रचार** पर **रु 232.882 करोड़, उम्मीदवारों** पर **रु 205.144 करोड़**, **यात्रा** पर **रु 138.618 करोड़, अन्य खर्च** पर **रु 56.751 करोड़** का व्यय, दलों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म/ऐप्स/अन्य माध्यमों से वर्चुअल कैंपेन पर **रु 29.568 करोड़** का व्यय और दलों द्वारा उम्मीदवारों के अपराधिक पृष्ठभूमि को प्रकाशित किये गए व्यय पर **रु 23.368 करोड़** का व्यय अपने चुनाव रिपोर्ट में घोषित किया है |
- व्यय के विभिन्न प्रमुखों के तहत **प्रचार** में सबसे अधिक **33.93%** और **अन्य खर्च** में **8.27%** का व्यय है |

## Expenditure incurred by political parties under various heads during Goa, Manipur, Punjab, Uttar Pradesh and Uttarakhand Assembly Elections, 2022 (in Rs Cr)





State-wise expenditure incurred by political parties under various heads during five state Assembly Elections, 2022 (in Rs Cr)



## राजनीतिक दलों का प्रचार पर खर्च

- प्रचार खर्च के तहत **मीडिया विज्ञापन, प्रचार सामग्री** और **जन सभा** शामिल हैं |
- राजनीतिक दलों ने **गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड** विधान सभा चुनावों के दौरान **मीडिया विज्ञापन** पर **रु 182.6875 करोड़** का सबसे अधिक खर्च दिखाया है | इसके बाद **प्रचार सामग्री** पर **रु 39.7645 करोड़** और **सार्वजनिक बैठक** पर **रु 10.43 करोड़** खर्च दर्शाया है |
- **प्रचार** माध्यम से राजनीतिक दलों ने **केंद्रीय मुख्यालय** से सबसे अधिक **रु 137.01 करोड़** (58.83%) का व्यय किया है इसके बाद **पंजाब** राज्य इकाइयों से **रु 28.749 करोड़** (12.34%), **उत्तराखण्ड** राज्य इकाइयों से **रु 21.414 करोड़** (9.20%), **गोवा** राज्य इकाइयों से **रु 17.637 करोड़** (7.57%), **उत्तर प्रदेश** राज्य इकाइयों से **रु 17.386 करोड़** (7.47%) और **मणिपुर** राज्य इकाइयों से **रु 10.686 करोड़ (4.59%)** का खर्च किया है |

| Total expenditure on Publicity | Expenses on Publicity during Goa, Manipur, Punjab, Uttar Pradesh & Uttarakhand Assembly Elections, 2022 (Rs in crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Central Headquarters | States Units | | | | | Total |
| | | Goa-Unit | Manipur-Unit | Punjab-Unit | Uttar Pradesh-Unit | Uttarakhand-Unit | |
| **Media Advertisement** (Print & Electronic, Bulk sms, Cable, Website, TV channels, etc.) | 122.702 | 14.268 | 4.0495 | 24.156 | 2.553 | 14.959 | **Rs 182.6875 cr** |
| **Publicity Materials** (Poster, Banners, Badges, stickers, Arches, Gates, Cut outs, Hoardings, flags, etc.) | 12.946 | 2.851 | 4.1585 | 3.99 | 10.749 | 5.07 | **Rs 39.7645 cr** |
| **Public Meetings** | 1.362 | 0.5181 | 2.478 | 0.603 | 4.084 | 1.385 | **Rs 10.43 cr** |
| **Total** | **Rs 137.01 cr** | **Rs 17.637 cr** | **Rs 10.686 cr** | **Rs 28.749 cr** | **Rs 17.386 cr** | **Rs 21.414 cr** | **Rs 232.882 cr** |





## राजनीतिक दलों का यात्राओं पर खर्च

- यात्रा खर्च में **स्टार प्रचारक** और '**पार्टी लीडर्स**' के यात्रा खर्च शामिल हैं |
- राजनीतिक दलों ने अपने **यात्रा** पर किये कुल खर्च में से **98.72%** या **रु 136.842 करोड़** अपने **स्टार प्रचारकों** पर और केवल **1.28%** या **रु 1.776 करोड़** अपने पार्टी के **अन्य नेताओं** की यात्रा पर खर्च किया है |

- **यात्रा** में केंद्रीय मुख्यालय से राजनीतिक दलों ने **57.216%** (रु 79.311 करोड़) खर्च किया जो अन्य राज्य इकाइयों की यात्रा राशि से अधिक है | दलों ने **उत्तर प्रदेश राज्य इकाइयों** से **रु 43.50 करोड़ (31.381%)** का खर्च दर्शाया है |

| Total expenditure on Publicity | Expenses on Travel during Goa, Manipur, Punjab, Uttar Pradesh & Uttarakhand Assembly Elections, 2022 (Rs in crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Central Headquarters | States Units | | | | | Total |
| | | Goa-State Unit | Manipur-State Unit | Punjab-State Unit | Uttar Pradesh-State Unit | Uttarakhand-State Unit | |
| Travel expenses of **Star campaigners** | 78.839 | 0.1806 | 2.6157 | 3.4955 | 43.479 | 8.232 | **Rs 136.842 cr** |
| Travel expenses of **Leaders** | 0.472 | 0.0924 | 0.4023 | 0.6925 | 0.021 | 0.096 | **Rs 1.776 cr** |
| **Total** | **Rs 79.311 cr** | **Rs 0.273 cr** | **Rs 3.018 cr** | **Rs 4.188 cr** | **Rs 43.50 cr** | **Rs 8.328 cr** | **Rs 138.618 cr** |




## एडीआर का अवलोकन

- **सीपीएम, एनपीईपी, समाजवादी पार्टी, एआईएफबी, आईयूएमएल, जेडीयू, एलजेएसपी, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), गोवा फॉरवर्ड पार्टी, एमजीपी** और **आरएसपी** राजनीतिक दलों ने **गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड** विधान सभा चुनाव लड़ा पर दलों का चुनाव खर्च विवरण अभी तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |
- यहाँ पर ध्यान दिया जाना चाहिए की विश्लेषण किये गए **13 राजनीतिक दलों** में से केवल **शिरोमणि अकाली दल** ने ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान चुनावी बांड के माध्यम से **रु 50 लाख** का दान घोषित किया है |

# एडीआर की सिफारिशें

- सभी राजनीतिक दलों को अपने व्यय का विवरण चुनाव आयोग को निर्धारित समय सीमा के भीतर, दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत करना चाहिए | समय पर या निर्धारित प्रारूप में जो राजनीतिक दल अपने चुनाव खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं करते है उनको सज़ा दी जानी चाहिए।
- उन सभी दानदाताओं की जानकारी और योगदान का ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को दान राशि दी हो |
- सभी राजनीतिक दलों को वार्षिक दान रिपोर्ट कि तरह चुनाव अवधि के दौरान प्राप्त चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को जमा करना चाहिए जिससे वित्तीय पारदर्शिता और काले धन का असर कम हो |
- जिस तरह से उम्मीदवारों के खर्च की निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग के चुनाव समीक्षक होते है उसी तरह से राजनीतिक दलों के खर्च की निगरानी के लिए भी समीक्षक होना चाहिए।
- अधिक वित्तीय पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों को केवल चुनावी खर्च विवरण ही नहीं बल्कि दी गयी समय सीमा के अंतर्गत जमा करना चाहिए | निर्वाचन आयोग को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों अपने खर्च का पूरा और सही बयान दाखिल करने से ही सार्वजनिक जाँच हो पायेगी |

# अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत राजनीतिक दलों द्वारा भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत चुनावी खर्च विवरण से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को चुनाव आयोग के **वेबसाइट** में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीएआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट, योगदान रिपोर्ट और चुनावी खर्च विवरण के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

# सम्पर्क

## स्टेट कोऑर्डिनेटर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Mr. Sanjay Singh**<br>**Uttar Pradesh state coordinator**<br>+91-94151-14151<br>sanjaysingh033@gmail.com<br><br>**Dr Lenin**<br>+91-99355-99333<br>+91-99355-99330<br>lenin@pvchr.asia<br><br>**Mr. Mahesh Anand**<br>+91-94152-33694<br>+91-99367-47774<br>gramswarajsamiti@gmail.com | **Mr. Manoj Dhyani**<br>**Uttarakhand state coordinator**<br>+91-9756201936<br>+91-9412145589<br>rtinewsindiaeditor@gmail.com<br><br>**Mr. BP Maithani**<br>+91-9012878346<br>maithani_56@yahoo.com | **Mr.Jaskirat Singh**<br>**Punjab state coordinator**<br>+91-93160-84953<br>jaskirats@gmail.com<br><br>**Parvinder Singh Kittna**<br>+91 9814313162<br>pavikittna@gmail.com | **Mr Babloo Loitongbam**<br>**Manipur state coordinator**<br>+91 9862008838<br>bloitongbam@gmail.com | **Mr. Bhasker Assoldekar**<br>**Goa state coordinator**<br>+91-98203-53159<br>vibhanatural@hotmail.com |

## नेशनल इलेक्शन वाच (NEW) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br><br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head - NEW & ADR<br><br>+91 8826479910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br><br>Founder Member- NEW & ADR<br><br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br><br>Founder Member - NEW & ADR<br><br>+919448353285,<br>tsastry@gmail.com |